**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 833**

**23 जुलाई, 2018 को उत्तर के लिए**

**इस्पात का निर्यात**

**833. डॉ. के. गोपालः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 2017-18 के दौरान तैयार इस्पात के निर्यात में 16.7 प्रतिशत वृद्धि यानी 9.621 मिलियन टन का निर्यात हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि 2016-17 के दौरान 8.242 मिलियन टन तैयार इस्पात का निर्यात देश से हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या यह भी सच है कि गैर-अलॉय इस्पात का अंशदान 8.727 मिलियन टन रहा जबकि शेष अंशदान अलॉय स्टील सेगमेंट का रहा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): जी हाँ। भारत में फिनिश्ड इस्पात का कुल निर्यात वर्ष 2016-17 में 8.242 एमटी से बढ़कर वर्ष 2017-18 में 9.621 एमटी हो गया है, जोकि 16.7 प्रतिशत की वृद्धि है। ब्यौरे निम्नवत् तालिका में दिए गए हैं :-

| **कुल फिनिश्ड इस्पात (अलॉय/स्टेनलेस + नॉन-अलॉय) निर्यात** | | |
|---|---|---|
| **वर्ष** | **मात्रा (एमटी)** | **विगत वर्ष की तुलना में % बदलाव** |
| 2016-17 | 8.242 | 102.1 |
| 2017-18* | 9.620 | 16.7 |
| स्रोत: जेपीसी; *अनंतिम; एमटी= मिलियन टन | | |

(ख): जी हाँ। भारत ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान 8.242 एमटी फिनिश्ड इस्पात का निर्यात किया था। संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) द्वारा जारी आँकड़े इंगित करते हैं कि भारत ने वर्ष 2016-17 के दौरान 8.242 मिलियन टन फिनिश्ड इस्पात का निर्यात किया है। ब्यौरे निम्नवत् हैं:

| **कुल फिनिश्ड इस्पात (अलॉय/स्टेनलेस + नॉन-अलॉय) निर्यात** | | |
|---|---|---|
| **वर्ष** | **मात्रा (एमटी)** | **विगत वर्ष की तुलना में % बदलाव** |
| 2016-17 | 8.242 | 102.1 |
| स्रोत: जेपीसी | | |

(ग): जी हाँ। यह भी सच है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान नॉन-अलॉय स्टील ने निर्यात में 8.727 एमटी का योगदान किया, जबकि अलॉय स्टील ने निर्यात में 0.893 एमटी का योगदान किया है। आँकड़ें निम्नवत् तालिका में दिए गए हैं:

| **निर्यात** | **2016-17 (एमटी में)** | **2017-18* (एमटी में)** | **%वृद्धि** |
|---|---|---|---|
| **नॉन-अलॉय स्टील** | 7.584 | 8.727 | 15.07% |
| **अलॉय/स्टेनलेस स्टील** | 0.658 | 0.893 | 35.71% |
| **कुल फिनिश्ड स्टील** | 8.243 | 9.62 | 16.70% |

स्रोत: जेपीसी; *अनंतिम

******